बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना
( बिहार सरकार का एक उपक्रम )
खाद्य भवन, द्वितीय तल, दरोगा राय पथ, आर ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

## कार्यालय आदेश

संख्या -BUIDCO/वि0-266/2016-......55......, दिनांक ......14/2/19

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना के शिलान्यास का कार्यक्रम 17 फरवरी, 2019 को पूर्वाह्न 11:30 बजे बरौनी (बेगूसराय) में प्रस्तावित है। इस संदर्भ में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्र (पत्रांक-466 दिनांक-14.02.19) के माध्यम से पटना मेट्रो रेल परियोजना के शिलान्यास से संबंधित सभी कार्यों का क्रियान्वयन बुडको द्वारा किये जाने का निदेश दिया गया है। इस आलोक में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बुडको के निम्नांकित अभियंताओं को उनके नाम के सामने अंकित कार्यों का दायित्व सौंपा जाता है:-

| क्रम सं. | योजना का नाम | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम | आवंटित कार्य |
|---|---|---|---|
| 1. | पटना मेट्रो रेल परियोजना | श्री सूर्यकान्त,<br>प्रभारी अधीक्षण अभियंता, बुडको।<br>श्री विजय कुमार शर्मा,<br>प्रोजेक्ट मैनेजर, ए0डी0बी0, बुडको।<br>श्री विजय कुमार,<br>सहायक अभियंता, बुडको।<br>श्री रमेश कुमार,<br>डिप्यूटी प्रोजेक्ट इंजीनियर,<br>ए0डी0बी0, बुडको। | पटना मेट्रो रेल परियोजना का शिलान्यास का कार्यस्थल पटना में ''संजय गाँधी जैविक उद्यान'' (पटना जू) का गेट नं0-01 निर्धारित किया गया है।<br>शिलान्यास के लिए शिलापट को तैयार करवाना एवं उसे कार्य स्थल पर स्थापित कराना। कार्य स्थल का सौंदर्यीकरण करते हुए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास के समय इस कार्यस्थल पर सफल आयोजन करना।<br>इस कार्यक्रम के लिए मुख्य सड़क से कार्य स्थल तक गेट/तोरण द्वार/स्टैण्डी लगवाना। |

श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको को मॉडल तैयार कराने का दायित्व सौंपा जाता है। श्री राकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको एवं उन सभी मॉडलों को कार्यक्रम स्थल बरौनी (बेगूसराय) ले जायेंगे एवं कार्यक्रम स्थल पर लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

आमंत्रण कार्ड, बैनर, पोस्टर, होडिंग एवं पत्रिका की प्रिंटिंग का दायित्व श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको एवं मो0 अयाज अहमद, प्रबंध निदेशक के सहायक अभियंता (परियोजना), बुडको को सौंपा जाता है।

**मुख्यालय पटना में:-**

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, जिला प्रशासन, पटना एवं बेगूसराय, एन0एम0सी0जी0 एवं IOC इत्यादि से समन्वय स्थापित करने का दायित्व मो0 अयाज अहमद, प्रबंध निदेशक के सहायक अभियंता (परियोजना) एवं श्री संजय कुमार वर्मा, कार्यालय कार्यपालक, बुडको को सौंपा जाता है।

बुडको के मुख्य अभियंता (आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण), बुडको उपरोक्त कार्यो के वरीय पदाधिकारी होंगे तथा इस कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करायेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण समझा जाय।

ह0/-

प्रबंध निदेशक,
बुडको।

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना
( बिहार सरकार का एक उपक्रम )
खाद्य भवन, द्वितीय तल, दरोगा राय पथ, आर ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

ज्ञापांक-......707....../ दिनांक-......14/02/13

1. **प्रतिलिपि** : मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।
2. **प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, को सूचनार्थ समर्पित।
3. **प्रतिलिपि** : जिला पदाधिकारी, पटना एवं जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।
4. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, बुडको को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : उपर्युक्त वर्णित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. **प्रतिलिपि** : सभी गैर तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., एस.के.पी., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को आदेश दिया जाता है कि इस आदेश को अविलंब सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।
7. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 14.2.14

**प्रबंध निदेशक,**
**बुडको।**

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

( बिहार सरकार का एक उपक्रम )

खाद्य भवन, द्वितीय तल, दरोगा राय पथ, आर ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001


## कार्यालय आदेश

संख्या -BUIDCO/वि0-266/2016-.....56....., दिनांक ....14/2/19

बुडको के कार्यालय आदेश संख्या-52 सहपठित ज्ञापांक-692 दिनांक-14.02.19 एवं कार्यालय आदेश संख्या-53 सहपठित ज्ञापांक-693 दिनांक-14.02.19 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास/उदघाटन का कार्यक्रम 17 फरवरी, 2019 को अपराह्न 4:30 बजे किये जाने का उल्लेख किया गया था। उक्त शिलान्यास/उदघाटन का कार्यक्रम अब 17 फरवरी, 2019 को पूर्वाह्न 11:30 बजे सम्पन्न होगा। इस आलोक में सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं अन्य अभियंतागण को निदेशित किया जाता है कि वे अपने-अपने कार्यस्थल पर दिनांक-17.02.19 को पूर्वाह्न 09:30 बजे से उपस्थित होकर सौंपे गये कार्यो के अनुरुप सारी तैयारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। कार्यक्रम के समय में कोई परिवर्तन होने पर पुनः सूचित किया जायेगा।

बुडको के कार्यालय आदेश संख्या-52 सहपठित ज्ञापांक-692 दिनांक-14.02.19 द्वारा नमामि गंगे परियोजना के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम का वरीय प्रभारी श्री सूर्यकांत, प्रभारी अधीक्षण अभियंता, बुडको को बनाया गया था, उसे विलोपित करते हुए उनके स्थान पर श्री ओमप्रकाश सिंह, अधीक्षण अभियंता को वरीय प्रभारी का दायित्व सौंपा जाता है।

उपर्युक्त दोनों कार्यालय आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

ह0/-

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको।

ज्ञापांक-.....708...../ दिनांक-....14/2/19

1. **प्रतिलिपि** : मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।
2. **प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, को सूचनार्थ समर्पित।
3. **प्रतिलिपि** : जिला पदाधिकारी, पटना एवं जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।
4. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, बुडको को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : उपर्युक्त वर्णित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. **प्रतिलिपि** : सभी गैर तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., एस.के.पी., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को आदेश दिया जाता है कि इस आदेश को अविलंब सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।
7. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14.2.19

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको।